पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने दुःख व्यक्त किया</u>

लखनऊः 28 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने तबला सम्राट लच्छू महाराज के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि लच्छू महाराज तबला वादन के क्षेत्र में सर्वोच्च शिखर के समान थे। लच्छू महाराज ने तबला वादन के क्षेत्र में भारत को विशिष्ट पहचान दिलायी थी। उनके निधन से कला क्षेत्र की अपूरणीय क्षति हुई है।

श्री नाईक ने अपने शोक सन्देश में दिवंगत आत्मा को सद्‌गति प्रदान करने की कामना करते हुए परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

अंजुम/ललित/राजभवन (265/35)